दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 240 मुरादाबाद, 20 December 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में साइबर अपराधों पर लगेगी नकेल, 57 जिलों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने

उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। सीएम योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। फिलहाल प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर नकेल लगाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में साइबर थानों की स्थापना पर मुहर लगा दी गई है। सवा अरब रुपए से ज्यादा का आएगा व्ययभार - लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपए से अधिक की धनराशि का व्यय भार अनुमानित है। सरकार तेजी से इस पर काम करने जा रही है और जल्द ही ये थाने स्थापित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ साइबर क्राइम पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी। साइबर क्राइम के मामलों में कन्विक्शन में सबसे आगे है उत्तर प्रदेश - प्रदेश में साइबर क्राइम की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। हमारा कन्विक्शन रेट नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल कन्विक्शन रेट 46.5 परसेंट है,

# संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को समर्थन चिंताजनक: पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई संसद की कार्यवाही में हिस्सा ले या नहीं हमें जरूर हिस्सा लेना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से जुड़े तीन विधेयकों की इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संसद के भीतर अहम विधेयकों पर चर्चा होनी है और उसे जरूर सुनना चाहिए।संसद की सुरक्षा में सेंध को विपक्षी नेताओं के मूक और परोक्ष समर्थन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी चिंता जताई है। भाजपा संसदीय दल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में मिली हार की हताशा में विपक्ष पूरे घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में सेंध की असली वजह बेरोजगारी और महंगाई को बताया था। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनका एक मात्र उद्देश्य भाजपा की सरकार को हटाना है, जबकि हमारा उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाला कोई भी व्यक्ति संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना को स्वीकार नहीं कर सकता है। इस घटना की सिर्फ निंदा की जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव में हार की हताशा में विपक्ष इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पूरी घटना को मूक और परोक्ष समर्थन दे रहा है, जो चिंता का विषय है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों को गांव-गांव जाकर लोगों को विपक्ष की इस हरकत के बारे में बताना चाहिए। हमले को धार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के क्रियाकलापों से साफ है कि उसने विपक्ष में ही रहने का मन बना लिया है। साथ ही देश ने भी उन्हें विपक्ष में ही रखने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष को मौजूदा संख्या बल से भी हाथ धोना पड़े। उन्होंने विपक्ष पर हमले के दौरान भाजपा सांसदों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का ध्यान में रखने और संयत बरतने की सलाह दी। वहीं यह इशारा भी किया कि अगली बार भाजपा और बड़ी जीत के साथ आएगी। उन्होंने कहा- मुझे आशा है कि 2024 में पूरा ब्लाक भरा होगा। संसद को नहीं चलने देने की विपक्ष की जिद की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोई संसद की कार्यवाही में हिस्सा ले या नहीं, हमें जरूर हिस्सा लेना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से जुड़े तीन विधेयकों की इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संसद के भीतर अहम विधेयकों पर चर्चा होगी और उसे जरूर सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष भी इस चर्चा में हिस्सा लेता तो अच्छा होता,

लेकिन शायद विपक्ष की किस्मत में अच्छा काम लिखा ही नहीं है। पिछले 10 सालों के दौरान संसदीय दल की लगभग सभी बैठकों हिस्सा लेने को अपना सौभाग्य बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके भीतर का कार्यकर्ता अभी तक जीवित है। उन्होंने पिछले दो दिनों में बनारस में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनता के साथ जुड़ाव, काशी तमिल संगमम के दौरान भाषिणी एप की मदद से लगभग रियल टाइम में हिंदी के साथ तमित में संबोधन और सूरत में डायमंड बोर्स के उद्घाटन के दौरान बदलते और विकसित होते भारत के अनुभवों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने सांसदों को याद दिलाया कि आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने वाला युवा 2014 में महज आठ साल का होगा। इन युवाओं में सिर्फ देश का विकास होते देखा है, उन्हें संप्रग सरकार के दौरान के भ्रष्टाचार, महंगाई, नीतिगत जड़ता के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं को 2014 के पहले की स्थितियों के बारे में बताना होगा। उन्होंने मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं से संपर्क का अभियान चलाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए काम करने को कहा।

# गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव; कांग्रेस अध्यक्ष बोले- पहले जीतना जरूरी





राजधानी के अशोका होटल में हुई इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में सभी राज्यों में आपस में सहयोग कर लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है।अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं का राजधानी दिल्ली में महाजुटान हुआ। इसमें अलग-अलग पार्टियों के नेता शामिल हुए। इस बीच, इस बैठक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि राजधानी के अशोका होटल में हुई इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में सभी राज्यों में आपस में सहयोग कर लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। खरगे के तुरंत खारिज किया प्रस्ताव

वीसीके सांसद थोल. थिरुमावलवन ने बताया कि ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने प्रस्ताव दिया कि मल्लिकार्जुन खरगे को टीम का समन्वयक होना चाहिए और हम उन्हें आगामी चुनावों में प्रधानमंत्री के रूप में पेश करेंगे। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे तत्काल ही साफ शब्दों में खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस सुझाव की कोई जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद ही हम तय कर सकते हैं कि पीएम कौन होगा। उन्होंने तुरंत इस बात को खारिज कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कही यह बात- वहीं, सूत्रों ने बताया है कि कांग्रेस प्रमुख खरगे का कहना है पहले चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। इंडिया ब्लॉक के पीएम चेहरे पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा और हम सभी इसके लिए तैयार हैं। हमने संसद में सुरक्षा उल्लंघन का मुद्दा उठाया। हम पहले से कह रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या पीएम मोदी को संसद में आना चाहिए और संसद सुरक्षा चूक के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में बोलना चाहिए, लेकिन वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि यह पहली बार है जब देश में 141 संसद सदस्यों को निलंबित किया गया है। यह गलत है, हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हुए हैं। हमने 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। केरल कांग्रेस नेता पीसी थॉमस ने ममता बनर्जी के नाम प्रस्तावित करने वाले बयान को खारिज किया इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस प्रमुख मल्लिलकार्जुन खरगे का नाम इंडिया अलायंस के पीएम चेहरे के रूप में प्रस्तावित करने की खबरों को केरल कांग्रेस नेता पीसी थॉमस ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने ऐसा सुझाव नहीं दिया। ममता बनर्जी ने कहा अगर हम किसी दलित प्रधानमंत्री को पेश कर सकें तो अच्छा होगा। उन्होंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया। इस मामले पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई क्योंकि वह आखिरी में बोली थीं। यह चौथी बैठक- 'इंडिया' गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी है। इसके बाद चौथी बैठक आज यानी मंगलवार को नई दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इन मुद्दों पर हुई चर्चासकारात्मक एजेंडा तय करना सीटो का बंटवारा नए सिरे से रणनीति बनाना साझा जनसभाओं पर मंथन संसद से विपक्षी सांसदों के निलबंन पर इन पर भी हुआ विमर्श जाति आधारित गणना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा अशोका होटल में हुई बैठक- बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजीव रंजन सिंह, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, द्रमुक के टीआर बालू, सीपीआई-एम के सीताराम येचुरी, राजद के तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और राम गोपाल यादव, सीपीआई के डी राजा, एनसी के फारूक अब्दुल्ला, ईटी मोहम्मद बशीर, ई के इलांगोवन, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, केरल कांग्रेस (एम) के जोस के मणि, एनसीपी की सुप्रिया सुले और जेएमएम की महुआ माजी समेत अन्य शामिल हुए।

# गिरावट की हद ही नहीं, मन बहुत दुखी', TMC सांसद की हरकत पर धनखड़ का छलका दर्द; राहुल पर भी भड़के





टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति की नकल उतारे जाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसको लेकर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरा मन बेहद दुखी है। कांग्रेस के बड़े नेता वहां वीडियो बना रहे थे। संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्षी दल लगातार कार्यवाही के दौरान चर्चा की मांग कर रहे हैं। इसी बीच, कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में कई विपक्षी सांसदों को दोनों सदनों से निलंबित कर दिया है। सांसदों की निलंबित करने की कार्रवाई शुक्रवार से शुरू हुई। मंगलवार तक निलंबित सांसदों का आंकड़ा 141 तक जा पहुंचा। सस्पेंड सांसदों ने संसद परिसर में जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। इस दौरान, धरने पर बैठे सांसदों में से टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया में उनका वीडियो जमकर वायरल हो रहा हैं। नकल किए जाने पर जगदीप धनखड़ दुखी- टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा नकल किए जाने पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ में दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मैंने सदन स्थगित कर दिया है। आपको पता नहीं है कि लोगों के मन में इसके खिलाफ किस तरह की प्रतिक्रिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि गिरावट की हद होती है। कार्यवाही के दौरान उन्होंने कल्याण बनर्जी और कांग्रेस का जिक्र करते हुए कहा, चिदम्बरम जी आप बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं। कल्पना कीजिए कि जब आपके वरिष्ठ नेता एक सांसद द्वारा चेयरमैन संस्थान का मजाक उड़ाते हुए वीडियोग्राफी कर रहे हों, तो मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी। कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो- धनखड़- साथ ही उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं कि मुझे तकलीफ हुई है। इंस्टाग्राम पर कांग्रेस पार्टी ने एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। यह मेरे लिए शर्म की बात थी। आपके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल मुझे नीचा दिखाने, अपमान करने के लिए किया है। एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान किया, साथ ही एक जाट के रूप में मेरी स्थिति का भी अपमान किया। बता दें संसद परिसर पर अन्य निलंबित सांसदों के साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान कल्याण बनर्जी को उपराष्ट्रपति की नकल करते देखा गया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने फोन का उपयोग करके तृणमूल सांसद का वीडियो बनाते देखा गया। गिरावट की हद नहीं-धनखड़- साथ ही उन्होंने कहा कि गिरावट की कोई सीमा ही नहीं, यह निचले स्तर को दर्शाता है। दिग्विजय सिंह जी, मेरी बात ध्यान से सुनिए। मैंने टीवी पर देखा, आपका एक बड़ा नेता एक सांसद के असंसदीय व्यवहार का वीडियो बना रहे थे। वह बहुत बड़े नेता है, आपसे ज्यादा। मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं कि हर चीज की सीमा होनी चाहिए। ड्रामा करना इनकी आदत- प्रह्लाद जोशी- वहीं संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, राहुल गांधी और उनके दोस्तों द्वारा किए गए ड्रामे और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की जिसकी मैं निंदा करता हूं। इंडिया गठबंधन वैसे भी एक भ्रमणशील गठबंधन है। वे सिर्फ अलग-अलग शहरों में जाकर नाटक करते हैं। अब उन लोगों ने ड्रामा टॉकीज में मिमिक्री शुरू कर दी है। इससे पहले आदिवासी महिला राष्ट्रपति के बारे में कई बार उन लोगों के द्वारा गलत टिप्पणियां की गई है।

# BJP-Congress' concerns with corruption

Corruption is not a big issue not only for Congress but also for the opposition parties of India Alliance. Investigation is also going on against many senior leaders of the alliance parties… Congress lost power in Rajasthan and Chhattisgarh in the assembly elections. The BJP, under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, launched a strong campaign against the Congress against corruption, dynasty politics and ineffective state government. This campaign was successful to a great extent. Despite the results of these elections, Congress did not learn any lesson. Congress leaders are not averse to taking a dip in the Ganga of corruption. Congress is again in the dock due to the huge wealth found in the Income Tax Department's raid on the premises of Congress Rajya Sabha MP from Odisha, Dheeraj Sahu. Rs 350 crore, gold and other documents have been recovered from Sahu's Jharkhand and Odisha hideouts. This has increased the troubles of Congress. Dheeraj Sahu's ancestral home is in Balangir, Odisha and here is his liquor factory, named Buddhist Distillery Private Limited. Stacks of notes were kept hidden in the office of this company. It is certain that in the Lok Sabha elections to be held in the next few months, the Bharatiya Janata Party has got a big issue of corruption against the Congress and other opposition parties. In the case of MP Sahu, many BJP leaders including Prime Minister Narendra Modi, Union Home Minister Amit Shah have given sharp statements against Congress. On the recovery of black money recovered from Sahu, Modi clearly said that every paisa of loot will be recovered. From this, the attitude of BJP can be gauged. The most surprising thing is that the Congress distanced itself from the action taken by the Income Tax Department against MP Sahu. Calling it a personal matter, Congress fulfilled its responsibility by issuing a show cause notice to Sahu. How deep Sahu's roots are in Congress can be seen from the fact that Sahu's brother has contested elections from Ranchi twice on Congress ticket. In corruption cases, the sword of agencies like CBI, Income Tax and ED is hanging over top Congress leaders from Delhi to Himachal Pradesh, Rajasthan and Gujarat to Maharashtra. If action is taken against all the leaders in the Congress party who are involved in corruption cases, then the Congress will be completely emptied of the top leaders of the party. Hardly any senior leader in the party is untouched by corruption. During the budget session of Parliament, Congress leader Adhir Ranjan had said that he wanted to ask the government why it did not arrest P. Chidambaram if there was corruption. On this, Prime Minister Narendra Modi laughingly said that if you are on bail then enjoy. In Congress, not only P. Chidambaram is trapped in the circle of CBI and ED, but there are many leaders in the party who are involved in corruption allegations. Even party chief Sonia Gandhi and her son Rahul Gandhi are on bail on corruption charges. UPA chairperson Sonia Gandhi, her son and former Congress president Rahul Gandhi, Motilal Vora, senior Congress leaders Oscar Fernandes, Suman Dubey, Sam Pitroda and Young India are accused in the National Herald case. At present all the accused are on bail. It is alleged that under a conspiracy, Sonia Gandhi, Rahul Gandhi and other Congress leaders had taken over the Associate Journals Limited of the National Herald newspaper in 1938 by forming a company in the name of Young India. Due to this, Young India got the rights to property worth about Rs 90 crore. The AgustaWestland VVIP helicopter money laundering case came to light in 2013. Congress working president Sonia Gandhi and her political secretary Ahmed Patel were accused of taking commission from Italian chopper company AgustaWestland. The investigation is being conducted by ED and Central Bureau of Investigation. The investigating agencies have already filed several chargesheets in this case. Ratul Puri, nephew of former Madhya Pradesh Chief Minister Kamal Nath, is also involved in this money laundering case. Rouse Avenue Court had rejected the anticipatory bail plea of Ratul Puri. The matter is related to the deal of 12 VIP helicopters worth about Rs 3600 crore from AgustaWestland Company. But India canceled this deal due to allegations of corruption and bribery. Similarly, there is the alleged ambulance scam case of Rajasthan which happened due to rigging in the purchase of 108 ambulances under NRHM from 2010 to 2013. In this case, the tender was given to Jikitja Healthcare Limited, in which there were irregularities. In the year 2015, CBI had also registered an FIR against former Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot. The allegation was that when the contract was signed with Zikitza Healthcare for ambulance service in the state, Sachin Pilot and Karti Chidambaram were directors in the company. Under this, ED had also sent a notice to Karti Chidambaram. Sections 420 (fraud), 467 (forgery), 468 of IPC have been filed against former Finance Minister P. Chidambaram's son Karti Chidambaram, Chief Minister Ashok Gehlot, former Health Minister AA Khan, Shweta Mangal, Shafi Mather and Director NRHM in the purchase of ambulances worth crores. FIR was registered under sections 471 and 120-B. The Enforcement Directorate (ED) had seized assets worth Rs 11.57 crore of Zikitza Healthcare Limited. A money laundering case is going on against Karnataka minister and veteran Congress leader DK Shivakumar. It is alleged that DK Shivkumar keeps black money in many flats in Delhi. Were. The Income Tax Department had simultaneously raided 39 locations in Karnataka and Delhi. During the raid, an amount of more than Rs 8 crore was recovered from Delhi flats. During this, DK Shivkumar had described the action against him as a conspiracy by BJP. He had said that BJP wants to scare him. The ED had filed a supplementary charge sheet against former Himachal Pradesh Chief Minister and Congress leader Virbhadra Singh in a money laundering case. The investigating agency had created a stir by raiding on 23 September 2015, on the wedding day of Virbhadra's daughter. ED has already interrogated his wife Pratibha Singh and son Vikramaditya in this case. In Chhattisgarh, there are allegations against former Congress Chief Minister Bhupesh Baghel of taking around Rs 500 crore in the betting app case. Sooner or later, legal action may be taken against Baghel also. It is noteworthy that in the meeting with senior leaders of Karnataka Congress, Rahul Gandhi had bluntly said that corruption will not be tolerated at any cost. The immense wealth found at the hideouts of MP Sahu seems to be making fun of Rahul Gandhi's statement. It is also incomprehensible why the Congress MP, which has made corruption an issue against Adani, is hesitating to take strict action against Sahu. The compulsion of Congress is also that such accused leaders cannot be shown the way out of the party. In such a situation, questions will be raised only on Rahul Gandhi and Sonia Gandhi, because allegations are leveled against them also. Corruption is not a big issue not only for Congress but also for the opposition parties of India Alliance. ED, CBI and Income Tax Department are also taking action against many senior leaders of the alliance parties. It is certain that as long as the opposition parties including Congress continue to term the actions taken by the BJP government at the Center as mere political malice, the common people will not be able to establish trust in them.

# Canada is becoming the center of terrorism, playing with Islamic and Sikh fundamentalism may prove costly

Terrorism has been a major topic in the relations between India and Canada. Canada is a stooge of the West, not a global power. Canada is playing with Islamic and Sikh fundamentalism, but it has no idea that it will soon have to suffer the consequences. I have seen many times that the country which promotes terrorism or tolerates it, gets into trouble. Is. For example, Sudan, Libya, Pakistan, Afghanistan, Somalia, Nepal etc. can be seen. The most recent example of this is Canada, where racial discrimination denies non-white immigrants full benefits. We expected Canada to be very sensitive to any talk of secession, especially after the 1995 referendum on Quebec independence was passed, but its double standards continue to show. He preaches the rule of law and freedom of speech, yet in 1970 Trudeau Sr., father of current Prime Minister Justin Trudeau, invoked the War Measures Act and sent tanks to crush the Quebec separatist movement. In recent years, the government's tolerance towards anti-India incidents perpetrated by Canadian citizens affects our bilateral relations. Canada suspended aid to our nuclear facilities in 1974, just days after our nuclear tests. After that our relations cooled down. Forty years ago, when Canadian terrorists blew up an Air India plane, killing hundreds of people, we appealed to Canada for help in arresting the culprits by naming them. The current Prime Minister's father was in power at that time and he ensured that the investigation was thwarted. And only one person was reportedly sentenced to a few years in prison. Realizing that Canada was soft on terrorism, radicals from every religion began gathering there. In this way Canada became a major center of terrorism. When India implemented economic liberalisation, in 1996 the Canadian Prime Minister led a delegation of 300 businessmen to India in search of business. But that tour failed. India set up a counter-terrorism working group, which Canada ignored. The Canadian Prime Minister, who visited India in 2012, was not invited to the official dinner due to his sympathy for Khalistan. In 2015, Prime Minister Modi visited Canada, the first such visit in 42 years, and Canada agreed to sell uranium to us. Those who hoped that this would erase past grievances were soon disappointed. When Justin Trudeau became Prime Minister of Canada, he formed a minority government with the support of a fundamentalist Sikh party, due to which he had to appoint a Sikh terrorist and drug dealer as Defense Minister. This year, the Prime Minister there has harmed bilateral relations by accusing his Parliament of Indian involvement in the killing of his favorite terrorist. Although Canada has not yet presented any evidence on this, it expects cooperation from India. Canadians of Indian origin attack Indian diplomatic compounds, Hindu places of worship and theaters showing Hindi films. Since our diplomats were not feeling safe, India suspended visas for Canadians. When Justin Trudeau complained about India, India's External Affairs Minister or officials of the Ministry of External Affairs responded to him. Following India's sharp response, he began to emphasize the importance of Canada maintaining active engagement with India. Then last November the Americans said they had managed to prevent the targeted killing of one of their citizens (a Canadian citizen, wanted terrorist and apparently a CIA agent). Just then, Trudeau started dancing happily. Canadians and Americans love the terrorist so much that they welcome his open promise of terrorism. Justin is forgetting that the Indo-Pacific region is the most important geopolitical region for commerce and security today, with India at its fulcrum. Therefore, no country would want to spoil its relations with India for the sake of the other. With limited bilateral trade, Canada does not have much to offer in our priority areas. People of Indian origin living in Canada include investors, industrialists and businessmen, ranging from highly skilled 'teachers' to low-skilled 'service workers' and students. After relations between the two countries soured, Indian educational advisors are encouraging more than 3 lakh 20 thousand students to go else.

## संपादकीय Editorial

# Removing 370 is constitutional

The five-judge Constitution bench of the Supreme Court confirmed the constitutionality of abolishing Article 370. In this context, the Constitution Bench has declared the President's order, the decision of the Modi government and the decision of the two-third majority of the Parliament as valid. The court has established that Article 370 was never a permanent provision of the Constitution. That was a temporary arrangement because there was a war situation at that time. After the proclamation of the then Maharaja Hari Singh of Jammu and Kashmir and its merger with India, Jammu and Kashmir had no sovereignty. There was also no internal sovereignty under Article 370. Jammu and Kashmir became an integral part of India. This is also clear from Article 1 of the Constitution. Article 370 gave Kashmir the right to have a separate constitution, separate flag and internal administrative autonomy, while the state was governed by India and its Constitution as a single state from 1952 to October 31, 2019. The Constitution Bench headed by the country's Chief Justice Justice DY Chandrachud unanimously gave a historic verdict on Article 370, rejecting all the 23 petitions, fallacies, misconceptions and misinterpretations of the Constituent Assembly. Although views also differed in three different decisions, all five judges were unanimous on Article 370. Now every Indian has a constitutional right on Kashmir. In the context of the President's order on August 5, 2019, which was debated in the Parliament and ultimately abolished the existence of Article 370, the Constitution Bench has clearly said that the President can abrogate it even in the absence of the Constituent Assembly of the state. Had the right to do. The Constituent Assembly was not binding on the President. The President did not exercise his power under any malicious intent. The Constitution Bench cannot hear any appeal against the decision of the President.

The gist is that now Article 370 and special status no longer exist in the context of Jammu and Kashmir. Like other states of the country, it is governed and governed by the Constitution of India, Parliament and Government. The Central Government will restore the statehood of Kashmir as soon as possible.

The Election Commission should conduct elections there by September 30, 2024. Indian laws will apply to every citizen of Jammu and Kashmir. Also, every Indian will get all the rights in Kashmir which are available in the rest of the country. Of course, constitutionally, the issue of Article 370 has now gone into the pages of history, but even now some political parties and faces are calling it a 'black day', a disappointing chapter and a wrong decision. He has also announced to continue his fight. After all, against whom can the fight be fought? The decision of the Constitution Bench is the final constitutional decision. Parliament has already approved its decision in 2019. What other options are possible in a democracy? This is nothing but 'political frustration'. Same is the fate of review petitions. However, after this historic decision, common Kashmiris were seen on TV channels in a celebratory mood, playing thali, dancing, singing and eating sweets. The market of 'Historical Lal Chowk' is also completely open.

Facts have been presented in Parliament that more than 200 foreign investors have been given land in Kashmir. The economy has quadrupled. 1.45 lakh houses have been built for the poor in 5 years. Some reservations have been decided in the new assembly.

# आम-जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-सडक सुरक्षा पखवाडा 2023 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशानुसार आज दिनांक 18/12/2023 को यातायात पुलिस द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की गयी:-



जीवी1. यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के प्रति जागरूकता कार्यवाही का विवरण:- सड़क सुरक्षा पखवाडा अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों चौराहो / तिराहों पर आम-जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ज़ सड़क सुरक्षा पखवाडा अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस एवं आर0टी0ओ0 मुरादाबाद द्वारा समाज सेवी संस्थान परिवर्तन द चेंज के सहयोग से ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य मोटराइज्ड / नॉन मोटराइज्ड वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ज़ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत यातायात 30 नि0 श्री जसवीर सिंह द्वारा पारकर इन्टर कॉलेज के लगभग 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर, सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण करायी गयी। ज़ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर ऑटो / ई-रिक्शा / बस चालकों / आम-जन को यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु जागरूक किया गया। ज़ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा शीत ऋतु के दृष्टिगत समाज सेवी संस्थान के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वाहनों पर रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगाये गये । 2 सड़क सुरक्षा पखवाडा अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध निम्नलिखित कार्यवाही की गयी:- ज़ वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग न करने वाले 137 वाहन चालकों के चालान किये गये। ज़ वाहन चलाते समय सीट-वेल्ट का प्रयोग न करने वाले 25 वाहन चालकों के चालान किये गये। ज़ विना वैध ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन चलाने वाले 67 वाहन चालकों के चालान किये गये। ज़ वैध बीमा के विना वाहन चलाने वाले 28 वाहनों के चालान किये गये। ज़ दो-पहिया वाहन पर तीन सवारी चलने वाले 53 वाहन चालकों के चालान किये गये। ज़ नो-पार्किंग में खड़े 61 वाहनों के चालान किए गये। ज़ अभियान के दौरान रेड लाइट-31 ओवर स्पीड-06 तथा 02 वाहनों को सीज किया गया।

# गेहूं की सिंचाई कर लौट रहे किसान की ट्रेन से कटकर मौत



मुरादाबाद-कुन्दरकी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुई घटना, नगर के मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले थे 52 वर्षीय चंद्रपाल थाना क्षेत्र में सोमवार की रात गेहूं की फसल की सिंचाई करके घर लौट रहे किसान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी 52 वर्षीय चंद्रपाल किसान थे। बीती रात गांव मिलक काजी के रकबे में स्थित अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई करने गए थे। फसल की सिंचाई करने के बाद रात करीब 10:15 बजे वह घर लौट रहे थे। भारतीय स्टेट बैंक के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक मुरादाबाद की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन से कटकर चंद्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि रात में स्टेशन मास्टर कुलदीप सैनी की ड्यूटी थी। रिकॉर्ड के अनुसार 10:15 बजे मुरादाबाद से चंदौसी जाने वाली ट्रेन से यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परीजन घटनास्थल पर पहुंच गए। इस बीच जीआरपी भी घटनास्थल पर पहुंच गई। चंद्रपाल के परिवार में पत्नी मुन्नी के अलावा तीन बेटे धर्मपाल, सतबीर, सुभाष व दो बेटी बीना और प्रेमवती हैं।

# नया कपूर कंपनी पुल पांच लाख लोगों का बदलेगा जीवन



मुरादाबाद-रेलवे स्टेशन के पश्चिम ओर स्थित बंद कपूर कंपनी पुल ने क्षेत्र के लोगों की गति रोक दी है। हालांकि, जर्जर पुल से लोग पैदल आ-जा रहे हैं। रेल प्रबंधन ने दूसरे पुल के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है, लेकिन निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। लोगों में रेल प्रबंधन और जन प्रतिनिधियों के प्रति गुस्सा भी पनप रहा है। नक्शा पास होने के बाद कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में तरह- तरह की प्रतिक्रिया है। सच तो यह है कि इस पुल के बंद होने से पांच लाख लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित हैं। आम चुनाव नजदीक होने के साथ लाइनपार क्षेत्र के दूसरे पुल की मांग जोर पकड़ने लगी है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि कपूर कंपनी क्षेत्र में दूसरे पुल की जरूरत को जिम्मेदार कितना जरूरी मान रहे हैं। आश्चर्य तो यह कि रेल प्रबंधन भी दावे के साथ कहने से बच रहा है। बता दें कि विधान सभा चुनाव के दौरान कपूर कंपनी पुल से सब्जी मंडी हटाए जाने का मामला उठा था। पुल पर यातायात बहाली का मुद्दा भी उठा था। तब रेलवे ने लोगों की जरूरत को देखते हुए पैदल आने जाने की छूट तो दे दी है, लेकिन दोपहिया वाहनों का आना-जाना बहाल नहीं किया। रेल प्रबंधन की मानें तो तीन मीटर चौड़ाई वाले पुल का प्रस्ताव पास हो चुका है। राजनीतिक पैरवी और लोगों की बात का संज्ञान लेकर रेल प्रबंधन ने पुल की हामी तो भर दी है लेकिन, पुल निर्माण की सुस्ती से सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले गुस्से में हैं। सूत्रों की मानें तो 14 करोड़ की लागत से पुल निर्माण का प्रस्ताव विभाग द्वारा पास कर दिया है। पुल निर्माण की सिद्धांतत: सहमति भी मिल गयी है। लेकिन, निर्माण कार्य के टेंडर अभी पास नहीं हो पाए हैं। पुल की स्वीकृति मिल गयी है। इस कार्य के पूर्ण होने की अवधि छह माह होती है। निर्माण कार्य के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। चार-पांच दिन के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद एजेंसी अपना कार्य शुरू करेगी। लोगों की जरूरत के मद्देनजर यह प्रस्ताव रेल प्रबंधन ने पास किया है।-सुधीर सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक यह कहते हैं लाइनपार क्षेत्रवासी-युवा कार्यकर्ता राहुल यादव का कहना है कि रेलवे के कपूर कंपनी पुल को दोपहिया वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। दूसरे पुल को लेकर नेताओं और रेलवे के अधिकारी हर दिन लाइनपार के लोगों के लिए नए पुल की चर्चा कर रहे हैं। मगर सच्चाई क्या है? इसकी जानकारी किसी को नही है। लाइनपार की लाइफलाइन एक तरह से बंद है। क्षेत्र का विकास और कारोबार प्रभावित है। दुकानदार देवानंद ने कहा कि यह बड़ी जरूरी मांग और सुविधा है। विधान सभा चुनाव में यह मुद्दा बना था। नगर निगम के चुनाव में भी लोगों ने मेयर के उम्मीदवारों को यह समस्या याद दिलाई। पुल बंद होने से रेलवे लाइन के पार यानी मुख्य बाजार क्षेत्र के ग्राहक यहां आते ही नहीं हैं। इस विषय को लेकर कुछ लोगों ने आवाज उठानी शुरू की है।

देखिए आगे क्या होता है। चिड़िया टोला क्षेत्र निवासी गुल्लू सैनी का कहना है कि पुल बंद होने से दुकानदारी का बुरा हाल है। हम महानगर में ही किनारे जैसे हो गए हैं। चुनाव के दौरान सभी दलों के लोग वोट लेने आते हैं, उसके बाद हमारी मांग भूल जाते हैं। चुनावों में बड़े बड़े वादे करते हुए आते हैं लेकिन, बाद में पलटकर नहीं देखते। सभी दलों में नेता राजनीति से अधिक अपना हित जानते हैं। चुनाव बाद सभी अपने कारोबार में जुटे हुए हैं।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सोनकपुर योजना का ले आउट बोर्ड से स्वीकृत, 14 जनवरी को शिलान्यास होगा

मुरादाबाद-14 जनवरी तक हो सकता है प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी सोनकपुर परियोजना का उद्घाटन मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक समागम सभागार में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में फन पार्क, रिवोल्यूशनरी पार्क विकसित करें। कमजोर वर्ग और संपन्न लोगों के अनुसार विकास की योजनाएं प्रस्तावित करें।मंडलायुक्त ने कहा कि विकास लोगों व समाज की जरूरत के अनुरूप हों, तभी उसकी उपयोगिता अधिक होगी। बैठक में प्राधिकरण की सोनकपुर योजना का ले आउट बोर्ड ने स्वीकृत कर दिया, 14 जनवरी को शिलान्यास होगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि शासन में मुरादाबाद महायोजना का प्रस्ताव 27 सितंबर को भेजा गया था। उसकी सभी औपचारिकता प्राधिकरण स्तर से हो चुका है। उम्मीद है बहुत जल्द इसकी स्वीकृति शासन से मिल जाएगी। मंडलायुक्त ने कालोनियों से आय में कमी पर चिंता जताई। उन्होंने मानचित्र शुल्क न बढ़ने का कारण पूछा। कहा कि लगता है कि लोग नक्शा पास नहीं करा रहे हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि ऐसा नहीं है। उपाध्यक्ष ने बताया कि नगर नियोजन में विकास शुल्क 30 करोड़ रुपये का लक्ष्य है। जिसमें 20 करोड़ रुपये प्राप्त हो गया है। कार्यालय भवन को ऐसा बनाने के लिए मंडलायुक्त ने कहा कि जिससे बाहर से आने वालों को देखकर सुखद अनुभूति हो। शहर का प्रतिनिधित्व प्राधिकरण का कार्यालय करे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि 11गांवों में नयी टाउनशिप योजना शिवालिक योजना में सोनकपुर, शाहपुर तिगरी, भीमाठेर आदि गांव शामिल है। इसमें भूमि खरीद के लिए के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित समिति द्वारा तय रेट पर किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर में गतिशक्ति योजना को विकसित किया जा रहा है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि 35 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों को अलोकप्रिय घोषित किया था। इसमें 50 परिसंपत्तियों की बिक्री से 11 करोड़ रुपये की आय प्राधिकरण को होने का अनुमान है। महायोजना को 27 सितंबर को शासन को भेजा गया था। उसमें प्राधिकरण की ओर से सभी औपचारिकता पूरी कर दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही शासन से अनुमोदन मिल जाएगा। प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी सोनकपुर योजना का शिलान्यास 14 जनवरी को होगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने पुनरीक्षित बजट के बारे में बताया कि कुल प्राप्ति 225 करोड़ है। व्यय पहले 511 करोड़ रुपये का लक्ष्य था। शासन से 200 करोड़ रुपये मिलना है। 360 करोड़ रुपये का करीब व्यय किया जाएगा। इसमें प्राधिकरण की सचिव अंजूलता, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य राजू कालरा, विकास जैन के अलावा अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, नगर निगम के मुख्य अभियंता दिनेश सचान आदि मौजूद रहे। बदलेगा सोनकपुर योजना का नाम - नये नाम रखने के लिए गंगोत्री, वसुधा विहार, शक्ति नगर नाम बोर्ड बैठक में प्रस्तावित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कोई नाम रखने के लिए प्राधिकरण उपाध्यक्ष को अधिकृत करने पर सहमति बनी।





# जी आई सी एटा के पूर्व छात्र वैज्ञानिक डा0 चंडीश्वर नाथ जे पी अवार्ड से सम्मानित होंगे

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा



एटा-आगामी 21 दिसम्बर को जी आई सी एटा के पूर्व छात्र देश के प्रख्यात औषधि वैज्ञानिक डा0 चंडीश्वर नाथ विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में नयी दिल्ली में जनपथ स्थित भीम सभागार में दोपहर तीन बजे जे पी इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित होंगे। अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ जी कोविन्द होंगे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि माननीय सांसद द्वय डा0 किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी एवं श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व सांसद राजा डा0 मानवेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय संत सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, सम्मानित अतिथि सचिव उपभोक्ता मामले भारत सरकार श्री रोहित कुमार सिंह, ऐशियन ऐकेडेमी आफ फिल्म एण्ड टेलीविजन के संस्थापक अध्यक्ष डा0 संदीप मारवाह व विधायक विहार विधान सभा श्रीमती रश्मि वर्मा होंगी। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद राज्यसभा एवं संस्थापक अध्यक्ष एस आई एस लिमिटेड श्री आर के सिन्हा करेंगे। गौरतलब है इससे पूर्व जी आई सी एटा के ही दो पूर्व छात्र पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत ( पर्यावरण ) व ए आर एम संजीव यादव ( समाजसेवा ) हेतु इस ख्यातनामा पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। उक्त जानकारी देते हुए प्रख्यात पर्यावरणविद, राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक श्री ज्ञानेन्द्र रावत ने बताया कि अवार्ड समारोह में केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वी के सिंह को लाइफ टाइम अचीव मेंट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा जे पी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से प्रख्यात शिक्षाविद सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्व विद्यालय, दुमका झारखंड के कुलपति डा0 बिमल प्रसाद सिंह ( शिक्षा ), जाने-माने पर्यावरणविद पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय,( पर्यावरण ),आचार्य लोकेश मुनि ( समाज सेवा ), डा0 चित्रा मुद्गल ( साहित्य ),पद्मश्री डा0 मालिनी अवस्थी ( कला संस्कृति ), डा0 सहजानंद ( स्वास्थ्य एवं चिकित्सा ), श्री अभय कुमार दुबे ( पत्रकारिता ), श्री हरविंदर सिंह ( हाकी ), महानिदेशक, सीआईएसएफ श्रीमती नीना सिंह ( प्रशासन ), श्रीमती स्नेहलता शर्मा ( दिव्यांग सेवा ) जे पी इंटरनेशनल अवार्ड के अलावा श्री गिरजेश धर द्विवेदी ( ज्योतिष ),श्री पंकज बेरी ( फिल्म एण्ड टेलीविजन ), श्री जितेन्द्र कुमार नंदा ( अध्यक्ष, रोटरी क्लब ), डा0 राजीव श्रीवास्तव ( फिल्मकार एवं सिने व्याख्याता ), श्रीमती प्रभा दुबे ( कत्थक ), कुलपति श्री संजय श्रीवास्तव ( शिक्षा ), राणा यशवंत( इंडिया न्यूज ), श्री मांगेराम चौहान एस डी एम बिजनौर ( पर्यावरण ), डा0 सौमित्र रावत ( चिकित्सा ), श्री आकाश चौरसिया ( कृषि वैज्ञानिक ) आदि को जे पी नेशनल अवार्ड के अतिरिक्त 10 अन्य प्रतिभाओं को लोकनायक कलाश्री सम्मान व जेपी ग्लोबल डायसपोरा अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बाजार गई महिला का सड़क पर मिला शव, बेटे ने पिता पर लगाया हत्या का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी के मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवरी खिरक बरुआ मोड़ पर महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप,वही मृतिका महिला के मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है,मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह देवरी घाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे के करीब ग्राम बरुआ माफ के लिए गई सड़क पर तब हड़कंप मच गया जब लगभग 6 बजे उसी सड़क से कोचिंग जा रहे छात्र छात्राओं को एक महिला का शव दिखाई दिया।जिसके बाद उन्होंने उक्त जानकारी गांव के लोगो और परिजनों को दी। जिसके बाद शव मिलने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और वहां गांव और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही गांव के लोगों ने शव को पास से जाकर देखा



तो महिला की पहचान भगवंती उम्र लगभग 43 वर्ष निवासी बरुआ माफ के रूप में की गई। जिसके बाद लोगों के द्वारा पूरे मामले की सूचना स्थानीय देवरी घाट चौकी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके मऊरानीपुर क्षेत्राधिकारी लक्ष्मी कांत गौतम और कोतवाल जेपी पाल के अलावा फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर बारीकी से जांच और साक्ष्य इक्कठा किए।वही मृतका भगवंती के पुत्र अजय आर्य ने बताया कि उसकी मां से उसके पिता का करीब 16 साल से विवाद चल रहा था जिसके कारण मैं और मेरी मां अपने मायके बरुआ माफ में रहकर मजदूरी में जीवन यापन कर यही अपने मामा के यहां निवास कर रही थी। सोमवार को मेरी मां मऊरानीपुर से घर का सामान खरीदने गई थी। इस दौरान उन्होंने भंडरा में बैंक जाकर कुछ पैसे भी निकाले उस समय उनके साथ मेरे गांव बरुआ माफ की धनकुंवर कुशवाहा भी साथ गई थी। जिसके बाद मेरी मां शाम घर नहीं लौटी तो मैंने गांव में मेरी मां के साथ जो महिला धनकुंवर कुशवाहा गई थी उनसे जानकारी ली तो उन्होंने यह बताया कि तुम्हारे पिता रमेश चंद्र उनको अपने साथ कही ले गए है।

यह जानकारी तुम्हारी मां ने जाने के समय कही थी। जिसके बाद मेरी मां रात में घर नहीं लौटी और उनका मोबाइल फोन भी बंद जा रहा था जिसके बाद उनका शव आज मंगलवार की सुबह शव देवरी घाट मोड़ से कुछ दूरी पर स्थित बरुआ माफ की सड़क पर मिला। घटना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। वही पूरे मामले को लेकर एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी ने बताया है कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की हर पहलू से जांच की जा रही है और शव को पोस्टमॉर्डम के लिए भेजा गया है और जांच के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जायेगा।

# झाँसी समथर थाना क्षेत्र के एक गांव में 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी के समथर थाना क्षेत्र के ग्राम साकिन निवासी चतुर सिंह पुत्र हरदास अहिरवार ने समथर थाना में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दिनाँक 18/12/2023 को दोपहर के समय जब वह अपने घर पहुंचा तो वहां उसकी तीन वर्षीय पुत्री सिद्ध नहीं मिली जब प्रार्थी ने परिवारजनों से अपनी पुत्री के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि गांव का ही निवासी सुमित पुत्र चंद्रशेखर अहिरवार उसकी पुत्री को खिलाने के लिए अपने साथ ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की। उसे गांव वालों से जानकारी प्राप्त हुई कि सुमित उसकी पुत्री को खिलाते हुए गांव के बाहर की ओर ले गया है। काफी खोजबीन करते हुए उसकी पुत्री एक मकान के बाहर बेसुध




हालत में पड़ी हुई मिली। जिसके चेहरे पर नाखूनों के निशान थे और खून से लथपथ थी।तथा मौके से सुमित भागता हुआ नजर आया। प्राथी ने संबंधित थाने को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पुत्री को कब्जे में लेकर इलाज हेतु मोंठ भिजवाया। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामले को दर्ज किया है। इस मामले में एसपी देहात गोपीनाथ सोनी ने बताया है। कि मामले को दर्ज कर लिया, आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी पड़ोसी है। बच्ची बेसुध हालत में गांव के बाहर मिली।

# बगिया बाले रामराजा सरकार के मंदिर पर सजता है भव्य दरवार




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर के नई बस्ती स्तिथ बगिया बाले रामराजा सरकार मन्दिर पर सेकड़ो दर्शनार्थियों की उमड़ रही भीड़ प्रत्येक मंगलवार को लगता है भव्य दरवार जिसके महन्त श्री रिंकू महाराज के द्वारा पीड़ित को पूजा पाठ तथा काली मॉइ के दर्शन करने तथा उनका आशीर्वाद लेने की देते है सलाह बताया जाता है कि मातारानी की कृपा से निसन्तान को संतान की प्राप्ति होती असाध्य रोगों से मिलती है निजात कोई शुल्क नही लिया जाता श्रद्धालुओ की आस्था का केंद्र बनता जा रहा बगिया बाला मन्दिर प्रतिदिन सेकड़ो दर्शनार्थी हनुमान मंदिर में विराजमान बीर बजरंग स्वामी के दर्शन करने को जाते महन्त जी का कहना वर्षो पुराना मन्दिर है ऊक्त मन्दिर पर लगभग 15 वर्षो से मेरे द्वारा पूजा अर्चना की जाती।

# गहोई सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 युगल बने जीवनसाथी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। गहोई वैश्य सेवा संस्थान के तत्वाधान में गहोई समाज के सामूहिक विवाह महायज्ञ में 6 युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर पवित्र दांपत्य जीवन में प्रवेश किया, इस कार्यक्रम में नव दंपतियों को सुभाशीष देने श्री श्री 1008 महंत सिद्धराम दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राजवर्धन निखार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री राम एवं मां



जानकी विवाह की भव्य वर यात्रा से प्रारंभ हुई यह यात्रा उरई के न्यू मंगलम गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर घंटाघर, भगत सिंह चौराहा, चंद्र नगर, गोपालगंज, तुलसी नगर होती हुई पुनः आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई बैण्ड एवं डीजे की धुन पर आमंत्रित लोग थिरकते हुए दिखाई दिए। सभी दुल्हनों को चांदी का सिक्का, सफारी सूट और नारियल देकर टीका किया गया इसके उपरांत वरमाला की रस्म एवं फेरों का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गोधूलि बेला पर परिजनों और आयोजकों ने अश्रुपूरित नेत्रों से अपनी लाड़ली बहन/बेटियों को सुखी दाम्पत्य की दुआओं के साथ विदा किया। नव दंपतियों को स्त्री धन के रूप में 75 समान वितरित किए गये। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी ने कहा विवाह एक पवित्र बंधन है वर्तमान में विवाह विच्छेद की समस्या का मुख्य कारण संयुक्त परिवारों का ना होना है। संयुक्त परिवार में सभी लोग मिलकर सारे कार्य सुगमता से संपन्न कर लेते थे, सुख-दुख में एक दूसरे के लिए तत्पर रहते थे। वहीं एकल परिवार में व्यक्ति अकेला रह जाता है दैनिक दिनचर्या का सारा बोझ स्वयं वहन करना होता है इसी कारण लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं

और पति-पत्नी में अनुमान और विवाह विच्छेद जैसी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। साथ ही उन्होंने घर में मंदिर निर्माण पर भी जोर देते हुए कहा हमें अपने भगवानों और महापुरुषों के प्रतिदिन दर्शन करना चाहिए जिससे उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा मिलती है एवं हमारी संतानें भी संस्कारी होती हैं। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रमोद कुमार नौगरइया, अरविंद मिसुरया, सुनील महतेले, पवन नाछौला, बृजमोहन पिपरसेनिया, कृष्ण कुमार रेजा, राजेश बर्धिया, डॉक्टर देवेंद्र सेठ, प्रमोद मिसुरया, राधेश्याम महतेले, बृजकिशोर कनकने, अनिल कुचिया, विशाल विश्वारी, विवेक गुप्ता, संत कुमार मिसुरया, नीरज तीतविलासी, कमलेश सुहाने, प्रदीप महतेले, सत्य प्रकाश सेठ, देवेंद्र कुरेले एवं संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अभय प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, पूजा रायकवार, नीलू रायकवार, ललित रायकवार, महेंद्र रायकवार, सुशांत गेड़ा, राजू सेन एवं राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# शराबी के आतंक से मुहल्लेवासी परेशान पीड़ित महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर की कार्यवाही की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपूत कालोनी भारत गैस एजेंसी गोदाम के पास एक शराबी के आतंक से मुहल्लेवासी परेशान हैं। शराब के नशे में आये दिन गाली गलौज कर मुहल्ले में झगड़ा फँसाद कर रहा। राजपूत कालोनी निवासी ज्योति पत्नी रविराज सिंह ने कोतवाली प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आज जब मेरे पति काम पर गए हुए थे तभी पास में रहने वाला एक व्यक्ति आया और बिना बजह मुझे गाली गलौज करने लगा। उक्त



व्यक्ति आये दिन शराब पीकर मुहल्ले वासियों को परेशान कर रहा है। कई बार मुहल्ले वासियों ने इसकी शिकायत डायल 112 पुलिस से की। पुलिस ने समझा बुझाकर लौट गईं। आज फिर उक्त व्यक्ति ने मेरे घर आकर बुरी बुरी गालियां दी और जान से मारने पर आमादा है। पीड़ित ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है। जिससे कि मुहल्ले में शान्ति व्यवस्था कायम रह सके।

# शामली में चोरी के मामले में सभासद गिरफ्तार कई मामले मैं सभासद गिरफ्तार कहीं का चालान



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली चोरी के एक मामले में लगातार कोर्ट से गैर हाजिर चल रहे सभासद की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस ने कहीं अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है प्रातः जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस ने वंचित और वारंटेड अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान में झिंझाना के मोहल्ला शाह घटी दरवाजा मोहल्ले के रहने वाले वार्ड 10 के सभासद जीशान को गिरफ्तार कर लिया कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री ने बताया कि जीशान चोरी के मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहा था इसके अलावा पुलिस ने समीम निवासी खेड़ी कर्मो राशिद निवासी मंडावर मेहताब निवासी मोहल्ला आलकला कैराना तिलक व श्याम सिंह मोहल्ला आर्य नगर जलालाबाद गुलजार वह आजाद निवासी भैसानी इस्लामपुर और परविंदर निवासी गांव साला खेड़ी को न्यायालय से वारंट जारी होने पर गिरफ्तार किया गया

# बड़ी खुशखबरी नए साल में शामली को मिलने वाली है यह बड़ी सौगात



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली कलेक्ट्रेट अनावसीय कार्यालय भवनों का निर्माण अगले साल जून 2024 तक पूरा हो जाएगा

शासन में धनराशि अवमुक्त होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा सोमवार को प्रभारी डीएम संतोष कुमार सिंह ने निर्माणधीन कलेक्ट्रेट कार्यालय कार्यालय और डी एम आवास कॉलोनी का निरीक्षण किया उन्होंने डीएम संयुक्त कार्यालय न्यायालय बैठक हॉल का निरीक्षण किया राजकीय निर्माण निगम सहायक अभियंता कृष्ण कुमार से निर्माण कार्यों के प्रगति की रिपोर्ट प्राप्त किया प्रभारी डीएम ने बताया की 5 करोड रुपए एस्टीमेट उनके माध्यम से शासन को भेज दिया गया है शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र द्वारा पता चल गया है शासन से धनराशि अवयुक्त हो जाने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा अब

# शामली में पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध शराब के 1200 पत्तियां को किया नष्ट किम दे जानकर उड़ जाएंगे होश



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली कांधला पुलिस में दर्जनों मुकदमे में पकड़ी गई लगभग 30 लख रुपए की देसी शराब को तहसीलदार में आबकारी निरीक्षक की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर उसमें दबाते हुए नष्ट कराया कांधला पुलिस ने बीते लगभग 5 वर्षों में अलग-अलग स्थान से शराब तस्कर के कब्जे से पकड़ी गई लाखों रुपए की शराब पकड़ कर जप्त कर ली थी और पुलिस ने शराब के तस्करी के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया था पकड़ी गई शराब पुलिस ने माल खाने में मौजूद भी माल खाने में जगह ने होने के कारण स्थानीय पुलिस के द्वारा रिपोर्ट डीएम शामली एवं एसपी शामली को भेजी गई थी डीएम और एसपी के आदेश पर पुलिस के द्वारा वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक पकड़ी गई देसी शराब की ?1200 पेटी को तहसीलदार अर्जुन सिंह में आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में कांधला कस्बे के रामलीला मैदान के पीछे जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर अवैध शराब को नष्ट कराया गया सीईओ अमरदीप मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के द्वारा 94 मुकदमों से संबंध अवैध शराब की 1200 बेटियों को नष्ट कराया गया जिसकी कीमत 30 लख रुपए है

# गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-थाना अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, थाना अलीगंज पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य वाहन चैकिंग व दबिश व अवैध असलहा कारतूस की बरामदगी / वाँछित अपराधी एवं वारण्टी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री सुधांशु शेखर के नेतृत्व में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा *गैंगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त ईदरीश उर्फ समोसा पुत्र छोटे अंसारी निवासी मोहल्ला अंसारी कस्बा व थाना अलीगंज जिला एटा* को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। घटनाक्रमानुसार दिनाँक 18.12.2023 को थाना अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर,थाना अलीगंज पर पंजीकृत *मु0अ0स0 204/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट मे वाँछित चल रहे अभियुक्त ईदरीश उर्फ समोसा पुत्र छोटे अंसारी निवासी मोहल्ला अंसारी कस्बा व थाना अलीगंज एटा* को *एक अवैध तमंचा व 5 जिन्दा कारतूस 12 बोर* सहित ईदगाह रोड अलीगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना अलीगंज पर मुअस0 353/2023 धारा 3/25 आर्मस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# शामली में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी प्री बोर्ड परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों की प्री बोर्ड परीक्षा 13 जनवरी से शुरू होगी इसी दिन से वार्षिक ग्रह परीक्षा भी कराई जाएगी परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में करने के लिए विद्यालयों में तैयारी शुरू हो गई है यूपी बोर्ड



की हाई स्कूल में इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होगी इससे पहले बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की प्री बोर्ड परीक्षा कराई जाएगी शिक्षित कैलेंडर के अनुसार अगले महीने 13 जनवरी से प्री बोर्ड परीक्षा होगी इसी दिन से वार्षिक ग्रह परीक्षा भी शुरू होगी प्री बोर्ड परीक्षा को बोर्ड परीक्षा का ट्रायल माना जाता है इसलिए इस परीक्षा को बोर्ड की तरह ही कराया जाता है प्री बोर्ड परीक्षा वायर रिकॉर्डर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी सभी विद्यार्थियों को भी प्री बोर्ड परीक्षा देने के लिए कहां जा रहा है

ताकि उन्हें बोर्ड की में परीक्षा में किसी तरह की परेशानी ना हो और परीक्षा को लेकर की गई तैयारी का भी आकलन हो सकेगा

# हजारा नहर मे कूदने से युवक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा-कोतवाली देहात के आगरा रोड पर जावड़ा पुल से हजारा नहर मे कूदने से युवक की मौत, संदिध परिस्थिति मे हजारा नहर में कूदा व्यक्ति, सुबह 9.20 बजे लगाई पुल से हजारा नहर में छलांग जिसे गोताखोर जुगेन्द्र राठौर ने कडाके की ढंड में जीवित निकाला बाद में मोत



हो गई जिला अस्पताल में म्रत घोषित कर दिया है गोताखोर जुगेंद्र सिंह ने अपनी जान को जोखिम में डालकर सबको निकाल बाहर, मृतक युवक कृष्ण पाल पुत्र कप्तान सिंह निवासी नगला बाचा फफोतू एटा रिजोर थाना निवासी बताया जा रहा है मृतक के पास से आधार कार्ड से गांव का लगाया गया पता मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज

# मोदी सरकार की गारंटी में मोहन सरकार की वारंटी है ग्राम पंचायत सूती में संपन्न हुआ भारत विकसित संकल्प यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सूती में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम और संपन्न हुआ जिसमें सीएससी सेंटर में शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने वाले सुभाष तिवारी का ग्राम पंचायत सूती में विकसित भारत संकल्प यात्रा में रहस्यारहनी कार्य किया गया सुभाष तिवारी के द्वारा जो जनता को भरोसा दिलाया गया आश्वासन कि मोदी के मन में मोहन बसे हैं मोहन के मन में सिद्धार्थ बसे हैं सिद्धार्थ के मन में सूती की जनता बसी है जनता के हित में काम करेंगे तभी तो मोदी को गारंटी वाली सरकार में वारंटी मिलेगी आज ग्राम पंचायत सूती में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए उनका दावा चेकअप की व्यवस्था की गई जिसमें ग्राम पंचायत सूती के सरपंच सचिव एवं स्वच्छता ग्राही एवं सीएससी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रविशंकर शुक्ला का भी रहा सराहनीय कार्य एवं इन सभी लोगों के द्वारा कार्य में अहम भूमिका रही जिसमें ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई उनके द्वारा ग्रामीणों की सेवा की गई एवं उनको सभी सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरा प्रयास किया गया

# नल जल योजना में लगाए जाने वाले पाईप को चोरी करने वाले 2 आरोपियों को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- पीएचई विभाग के कान्ट्रेक्टर शिवनंदनपुर निवासी राहुल सिंघल ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम लक्ष्मीपुर में नलजल योजना के तहत शासकीय कार्य हेतु एचडीपी पाईप खरीदी कर लगाया जा रहा है, दिनांक 07.10.23 के रात्रि को 223 मीटर तथा 12.12.23 के रात्रि में 100 मीटर पाईप को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया हैं। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व डीएसपी रितेश चौधरी के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम लक्ष्मीपुर के बेचन सिंह के बाड़ी एचडीपी पाईप लगा है जिसके बाद उसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर बेचन सिंह ने बताया कि चोरी के पाईप को गौरीशंकर से खरीदी कर बाड़ी में लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने गौरीशंकर को भी दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 85 मीटर एचडीपी पाईप को जप्त कर आरोपी बेचन सिंह पिता स्व. श्रीराम उम्र 55 वर्ष ग्राम लक्ष्मीपुर व गौरी शंकर पिता जगसाय ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, रविनंद सिंह, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, भोलाशंकर व राधेश्याम साहू सक्रिय रहे।

# ड्रोन से नैनो यूरिया का छिडकाव'' के डेमो का विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर स्थल पर हो रहा प्रदर्शन



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन के माध्यम से जिले के किसान उन्नत कृषि की ओर कैसे अपना कदम बढ़ा सकते है, इसका प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया व नैनो डी.ए.पी. के छिड़काव का प्रदर्शन शिविर में उपस्थित जनों के समक्ष किया जा रहा है।

षिविर में आए किसानों को एकत्रित कर छत्तीसगढ़ के प्रमुख फसलों में नैनो उर्वरक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि नैनो उर्वरको का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए कैसे पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। आसपास के क्षेत्र से आए किसान ड्रोन के द्वारा नैनो उर्वरक के छिड़काव के प्रदर्शन पर अपनी विशेष रुचि दिखा रहे हैं और भविष्य में इसे अपनी खेती के साथ कैसे अपनाये उस पर चर्चा भी कर रहें है। इसके साथ ही कृषि विभाग के द्वारा कार्यक्रम में आये हुये किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और खेती से संबंधित योजनाओं के संबंध में अन्य जानकारियां भी उपलब्ध करायी जा रही है।

# चोरी की स्कूटी सहित 2 आरोपियों को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार, अम्बिकापुर से स्कूटी चोरी कर बिक्री करने की फिराक के दौरान पकड़ाए

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर। पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने तथा चोरी की रोकथाम और ऐसे वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम दिनांक 18.12.23 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि 2 व्यक्ति चोरी की एक्टीवा स्कूटी लेकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर थाना भटगांव पुलिस ने ग्राम अधिना में घेराबंदी कर स्कूटी वाहन सहित 2 व्यक्ति अरशद अंसारी पिता मो. खुर्रम उम्र 20 वर्ष निवासी सदर रोड़ अम्बिकापुर व शमीर खान पिता मोहम्मद नसीम उम्र 20 वर्ष निवासी नवागढ़ अम्बिकापुर को पकड़ा। दोनों से स्कूटी वाहन के दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि दिनांक 17.12.23 को खरसिया रोड़ अम्बिकापुर बसंत टाकिट के पास एक दुकान के सामने से खड़ी स्कूटी चोरी कर गाड़ी का नंबर सीजी 15 सीएक्स 5118 को खुरचकर नंबर मिटा दिए। मामले में स्कूटी वाहन चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 41( 1-4 )/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर स्कूटी वाहन कीमत 50 हजार रूपये को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पूरन चंद राजवाड़े, सुंदरलाल, आरक्षक संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप, राधेश्याम साहू, भोलाशंकर राजवाड़े, वाहिद हुसैन व महिला आरक्षक प्रीति भगत सक्रिय रहे।

# आतंक का पर्याय बना बहरादेव हाथी, क्षेत्र में मचा रहा उत्पात,घरों को ढहाने के साथ फसलों को पहुंचा रहा क्षति



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- बिहारपुर क्षेत्र जंगली हाथियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीणों में दहशत व भय का माहौल, रतजगा करने मजबूर जिले के दूरस्थ पहाड़ी व वनांचल क्षेत्र चांदनी- बिहारपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन हाथी रिहायशी क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं और ग्रामीणों के घरों को ढहाने के साथ घरों में रखे अनाजों को भी खाकर चट कर दे रहे हैं। इसके साथ ही हाथी किसानों के खड़ी फसलों को भी क्षति पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में बीते रात्रि एक बार फिर से बहरादेव हाथी क्षेत्र में लगातार विचरण करने के साथ ग्रामीणों के घरों को ढहा रहा है वहीं फसलों को भी खा व रौंदकर चौपट कर दे रहा है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व भय का वातावरण बना हुआ है। कड़ाके की ठंडी के मौसम में ग्रामीण जंगली हाथी के कारण रतजगा करने के लिए भी मजबूर हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बहादेव हाथी क्षेत्र के मोहरसोप, कछिया, नवडीहा में बीते रात्रि ही जंगली हाथी बस्ती की ओर रूख करता है और मकानों को तोड़ घरों में रखे अनाजों को खाकर चट करने के साथ बाड़ी व खेतों में लगे सरसों, अरहर सहित अन्य फसलों को भी खा व रौंदकर नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र ग्राम मोहरसोप,कछिया, नवाडीह वन क्षेत्र से लगा हुआ गाँव है। जहां पिछले 5 वर्षों से लगातार हाथियों का आना-जाना लगा हुआ है। हाथी यहां कभी भी आ धमकते हैं और उनके घरों को तोड़ने के साथ फसलों को भी क्षति पहुंचाते हैं। जिससे उन्हें आये दिन जान व माल का खतरा बना रहता है। गौरतलब है कि बीते रात्रि बहरादेव हाथी ग्राम पंचायत कछिया में फुलकुंवर सिंह पती अनरूद्ध वही दुसरा ग्राम पंचायत मोहरसोप के श्याम कार्तिक यादव पिता लक्षमन यादव ग्रामीण के घर को तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया एवं घर में रखें अनाज को खाकर चैट कर दिया है। यह वही बहरादेव हाथी है जो बीते वर्ष दो बार पुलिस चौकी मोहरसोप में भी धावा बोल पुलिस की नींद हराम कर दिया था। शाम होते ही हाथी गांव की ओर पहुंचता है और आतंक मचाना शुरू कर देता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत मोहरसोप में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का मैदानी अमला पूरी तरह से उदासीन है और हाथियों को रिहायशी क्षेत्र से दूर भगाने के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि वे क्षेत्र में हाथी आने पर इसकी सूचना तत्काल गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के मैदानी अमले को देते हैं, लेकिन इस ओर वे कोई कारगर पहल नहीं करते हैं। बहरहाल ग्रामीणों ने आतंक का पर्याय बने बहरादेव हाथी को पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजने की गुहार लगाई है। वही वन परिक्षेत्र बिहार पुर के रेंजर मेवा लाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि बीती रात्रि 2 ग्रामीणों का बहरादेव नामक हाथी ने घरों को तोड़फोड़ कर घर में रखे अनाज को खाकर चौपट कर दिया है वहीं आठ और किसानों का फसल को भी खाकर रौंद कर चौपट कर दिया है

# विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा प्रवेश द्वार पर माथा टेक किया लोकतंत्र के मंदिर का सम्मान



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

दतिमा मोड़- सरगुजा संभाग अंतर्गत सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा से भाजपा विधायक लक्ष्मी राजवाड़े जब पहली बार विधानसभा पहुँची तो उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर के सम्मान में विधानसभा प्रवेश द्वार पर फर्श को छूते हुए अपना माथा झुकाया

और मुख्य द्वार पर पहुंचते ही अन्य भाजपा के दिग्गज नेताओं को गुलदस्ता देकर स्वागत की। ग़ौरतलब है छत्तीसगढ़ विधानसभा में शपथ समारोह कार्यक्रम है और यह सत्र आगामी तीन दिवस तक चलेगी। विधानसभा सचिव द्वारा इसमें सर्वप्रथम विधायको का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने लोकतंत्र की सराहना करते हुए कहा मुझे बतौर विधायक भटगांव की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।

निर्वाचित होकर जब मैं विधानसभा पहली बार पहुंची तो मैंने लोकतंत्र का मंदिर के प्रवेश द्वार पर सिर झुकाया है। आपको याद होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोकसभा पहली बार पहुँचने पर ऐसा ही किया था। आगे चर्चा के दौरान कहा कि जनता ने मुझे सेवा का एक बड़ा मौका दिया है और मैं लोगों की उम्मीद पूरी करने और उनका विश्वास क़ायम रखने के लिए पूरा प्रयास करूँगी। भटगांव विधानसभा की जनता में भी लक्ष्मी राजवाड़े के निर्वाचित होने से बहुत हर्ष है। उनका कहना है कि इनके जैसे सहज सरल व योग्य विधायक मिलने से क्षेत्र का विकास होगा और समस्याएँ भी सुलझ जाएगी।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## बिजली विभाग सहित अन्य समस्याओं से संबंधित , सीएम तथा डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन भाकियू ने एसडीएम को सौंपा



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद कायमगंज-जनहित में समस्याओं को उठाते हुए निराकरण की मांग कर कहा गया कि अन्यथा की स्थिति में होगा आंदोलन कायमगंज / फर्रुखाबाद भारतीय किसान यूनियन ( स्वराज ) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा जिलाधिकारी फर्रुखाबाद के नाम संबोधित ज्ञापन की प्रतियाँ उप जिलाधिकारी कायमगंज यदुवंश कुमार वर्मा को सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से निराकरण की मांग की है ।सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद फर्रुखाबाद में विद्युत विभाग के अधिकारी खुलेआम किसानों का शोषण कर रहे हैं । इनके द्वारा भेजे जाने वाले विद्युत बिल 90त्न से भी ज्यादा गलत आ रहे हैं ।

बिल संशोधन के नाम पर केविल काटने के नाम पर किसानों को धमकाकर उनसे उगाई की जा रही है । किसान नेताओं ने एक्सईएन विद्युत कायमगंज का रवैया भी तानाशाही बताया है । इसी के साथ उन्होंने पूरे जनपद में आवारा पशुओं की समस्या को सामने रखते हुए नबावगंज के गांव नगला हीरासिंह में नलकूप के लिए लाइन ना उपलब्ध कराने , टाउन एरिया नवाबगंज के वार्ड 11 में विद्युत व्यवस्था हेतु पोल तक उपलब्ध न कराए जाने , थाना कंपिल के गांव कादर दादपुर सराय निवासी किसान परिवार के घर हुई चोरी का अब तक पता ना लगा पाने , शमशाबाद क्षेत्र के गांव इमादपुर थमरई में एक किसान की समरसेबल हेतु लाइन स्वीकृत होने के बाद भी जेई विद्युत द्वारा शेष कार्य के लिए रिश्वत की मांग करने , वही विकासखंड नवाबगंज के गांव भंगौरा निवासी अरुण कुमार के 10 हॉर्स पावर स्वीकृत कनेक्शन का बिल 15 हॉर्स पावर के बराबर भेजना , शिकायत के बावजूद भी सुधार न करने जैसी अनेक समस्याओं को दर्शाते हुए किसान संगठन के नेताओं ने समस्याओं के तत्काल प्रभाव से निराकरण की मांग करते हुए कहा है कि यदि ऐसा ना हुआ तो भारतीय किसान यूनियन (स्वराज )इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बिवस होगा।

## साइबर क्राइम को लेकर सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय में साइबर एक्सपर्ट मोहित मिश्रा के द्वारा दी गई जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

हनुमना । साइबर क्राइम को लेकर सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं सभी बच्चों को दी गई जानकारी सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में संगोष्ठी आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष महाविद्यालय के प्रचार मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राम सिंह सब इंस्पेक्टर प्रज्ञा मैडम मुख्य वक्ता के रूप में पधारे साइबर एक्सपर्ट मोहित मिश्रा नीलेश दुबे जो साइबर अपराध को कैसे रोका जाए इस विषय पर अपने विचार साझा किए जिसमें महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर सभी बच्चे उपस्थित रहे एवं इस जागरूकता अभियान में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर अपनी अहम भूमिका निभाई है और समस्त उपस्थित महानुभावों के द्वारा यह बताया गया की साइबर क्राइम से बच्चों को कैसे बचना है क्योंकि आजकल ऑनलाइन का जमाना है और इस ऑनलाइन के दौर में काफी लोग आपको बेवकूफ बना



सकते हैं कृपया ऐसे लोगों से बचें । साइबर एक्सपर्ट मोहित मिश्रा एवं नीलेश दुबे के द्वारा बताया गया कि आप जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक करें जो आज मैं यहां आप सबको बताऊंगा वह बात आप सब अपने घर गांव में जाकर के जिन-जिन लोगों से मुलाकात हो साइबर के बारे में बताएं जिससे कि सभी लोग सतर्क रहें सावधान रहें ऐसे धोखाधड़ी वाले फोन कॉल से बचें , किसी को अपना कोई बैंक ओटीपी न बताएं । ऐसा कार्य करने वालों पर कार्यवाही के लिए अपने नजदीकी थाना प्रभारी से संपर्क करें और ऐसे अपराध करने वाले लोगों की जानकारी अपने थाना प्रभारी को दें । साइबर में हो रही ठगी को देखते हुए ऐसे लोगों से दूरियां बना कर रहे अगर ऐसी कहीं कोई जानकारी मिलती है या आपको ऐसा कोई घटना या कुछ भी इसी घटना होती है तो आप तुरंत इसकी सूचना अपने नजदीकी थाना प्रभारी को दें जिससे कि थाना प्रभारी आपकी समस्या का समाधान कर सके और साइबर टीम को आपका नंबर या आपके नंबर में आए हुए फोन को दे सके जिससे भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही हो सके ।

## मऊगंज शासकीय महाविद्यालय में एल एल बी के छात्रों ने जताया विरोध प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

तीन दिन में समस्या के निवारण का मिला अल्टिमेटम, मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर छात्रों द्वारा कॉलेज के गेट पर जमकर हंगामा किया गया। कॉलेज में पीने के पानी , पृथक पुस्तकालय , साफ सफाई , बैठक व्यवस्था , अध्यापकों की कमी , बिना रसीद की अवैध शुल्क वसूल , मूट कोट आदि कई मूलभूत समस्याओं को लेकर एल एल बी के छात्र छात्राओं द्वारा धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया गया । छात्रों द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में प्राचार्य आलोक कुमार राय को कई बार आवेदन दिया गया लेकिन हर बार उनको महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा



भरोसे का झुनझुना पकड़ा दिया गया और उन मामलों को प्राचार्य द्वारा आज तक संज्ञान में नहीं लिया गया । जिसको लेकर कॉलेज में एक बार फिर छात्र छात्राओं का आंदोलन शुरू हो गया है । छात्र कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में हर सुविधाओ से दूरी के साथ साथ ही कॉलेज प्रबंधन पर छात्र छात्राओं द्वारा कई तरह के आरोप लगाए गए । आपको बता दें की करीब 2 महीने पूर्व मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा कॉलेज का औचक निरीक्षण के दौरान पानी पुस्तकालय व साफ सफाई को लेकर जो भी कमियां थी उनको एक सप्ताह में दूर करने के लिए कॉलेज प्रशासन को आदेशित किया गया था , लेकिन हर बार की तरह एक बार फिर कलेक्टर के आदेश से भी महाविद्यालय प्राचार्य अपना पल्ला झाड़ते नजर आए । लिहाजा समस्याएं बनी हुई हैं । वहीं मऊगंज तहसीलदार सौरभ मरावी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम एल चौरसिया , यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा की समझाइस के बाद एक सप्ताह के अल्टीमेटम के साथ छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया । इस अवसर पर रणजीत सिंह , देवेंद्र केवट , राजीव शर्मा , पूर्णिमा मिश्रा , कुंजल केवट , रोहित शुक्ला, पुष्पेंद्र गुप्ता , सुषमा कुशवाहा , सोनम कुशवाहा , दुलार सिंह , अरशद जहां के साथ काफी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही ।

## समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने के के लिए दी बधाई

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद -समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने के बाद जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अपनी पूरी कमेटी के साथ पहुंचकर पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू के निवास पर पहुंचकर उनका माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मुन्नू बाबू ने सभी का धन्यवाद करते हुआ



कहा कि पार्टी के हर पदाधिकारी को एक साथ मिलकर काम करना है तभी आने वाले लोकसभा चुनाव में जीत सुनश्चित होगी। हम सभी को कार्यकर्ता बनकर कार्य करना होगा। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के अंदर अनुशासन रखने के लिए पूर्व सांसद मुन्नू बाबू से बेहतर कोई नेता नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, मुन्ना यादव एडवोकेट, जहान सिंह लोधी,पुष्पेंद्र यादव,सुभाष चंद्र शाक्य एडवोकेट, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, जिला अध्यक्ष महिला सभा सुलक्षणा सिंह, जिला सचिव विनीत परमार,मतीन खान,नंदकिशोर दुबे ,निजाम अंसारी, जिला अंध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ दूरी पर छात्रावास अधीक्षक का भ्रष्टाचारी रूप दे रहा मनमानी को अंजाम प्रशासन हुआ मौन

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज- मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा गरीब व अनुसूचित जाति के बच्चों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा छात्रावास की व्यवस्था की गई है जिससे कि बच्चे छात्रावास में रह सके और पूरा ध्यान पढ़ाई पर दे सकें, लेकिन छात्रावास की देखरेख करने वाले और छात्रावास के प्रशासनिक अधिकारी अगर लापरवाह हो जाए तो छात्रों का भविष्य किस ओर जाएगा यह किसी से छुपा नहीं है, कुछ ऐसा ही मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत दामोदरगढ़ में देखने को मिला है, जहां शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में अधीक्षक के द्वारा खुलेआम मनमानी को अंजाम दिया जा रहा है और शासन की आंखों में धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा है आपको बता दें कि छात्रावास अधीक्षक जयकरण कोल के द्वारा 38 बच्चों का नाम




छात्रावास में दर्ज किया गया है जबकि वहां पर बच्चे नहीं रहते हैं बच्चे अपने घर में रहते हैं और जब कभी जांच होनी होती है तो बच्चों को बुला लिया जाता है और दिखा दिया जाता है बाकी समय बच्चे अपने घर में रहते हैं जबकि छात्रावास में चार कर्मचारी पदस्थ हैं जिनमें से दो रसोईया एक चौकीदार और एक अधीक्षक छात्रों के ना आने से इन सभी को काम करने की जरूरत नहीं पड़ती है और यह लोग महीने का वेतन आराम से ले रहे हैं वहीं छात्रावास के बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं बच्चों तक ना पहुंच पाने के कारण पूरा का पूरा रुपया छात्रावास अधीक्षक के द्वारा डकार लिया जा रहा है बच्चों के लिए भोजन से लेकर तेल, कापी, किताब, भोजन एवं अन्य कई सामानों की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जाती है लेकिन इन सब का पैसा छात्रावास अधीक्षक स्वयं की जेब में रख रहा है वही छात्रावास अधीक्षक जयकरण कोल के द्वारा अधिकारियों से साठगांठ करके छात्रावास अधीक्षक का प्रभार ले लिया गया है जबकि जयकरन कोल सीएससी रमकुड़वा के पद पर पदस्थ हैं नियमन सीएससी को किसी अन्य पद का अतिरिक्त प्रभार देना उचित नहीं है क्योंकि छात्रावास अधीक्षक का पद एक जिम्मेदार पद है और ऐसे जिम्मेदार पद पर अगर गैर जिम्मेदार कर्मचारी की पदस्थापना कर दी जाए तो यह साफ है

कि वह किस तरह से काम करेगा आपको बता दे की मऊगंज जैसे ही जिला बना सभी लोगों की नजर मऊगंज कलेक्टर पर टिकी हुई है कि नजदीक में कलेक्ट कार्यालय हैं ऐसे में कोई अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार को अंजाम नहीं दे सकता है बावजूद इसके कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी हैं जो कि प्रशासन और शासन की आंखों में धूल झोंक कर खुले आम भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं और इन पर कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है।

## किशोरी को ले गए, पांच नामजद

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -हरदुआगंज कस्बा जलाली से किशोरी लापता होने के छह दिन बाद को पांच के विरुद्ध मुकदमा लिखा है। उसकी मां ने बताया कि 15 वर्ष की बेटी पर पड़ोसी बबलू बुरी नजर रखता था। शिकायत जलाली चौकी में की थी। को बबलू व पिता किशन सिंह, मां कांती देवी व बहन राजरानी व मीरा बेटी को जबरन घर से ले गए। पूछताछ करने पहुंची तो धमकी दी गई। पुलिस ने बबलू, किशन व तीनों महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## चाट विक्रेता को घायल कर नकदी छीन ले गए

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -हरदुआगंज - थाना क्षेत्र में रात चाट बेचकर घर लौट रहे युवक से मारपीट कर बाइक सवार चार युवक नकदी छीन ले गए। गांव ढसन्ना निवासी महेंद्र सिंह गांव इब्राहिमाबाद में चांट बेचकर परिवार पालता है। शाम ढकेल लेकर गांव आ रहा था । बंबा किनारे बाइक सवार चार युवकों ने रोककर जबरन छीना- झपटी की। विरोध करने पर बदमाशों ने हथियार से सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया और 1200 रुपये छीनकर फरार हो गए। घर सूचना देने पर स्वजन उसे थाने लेकर पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। प्रभारी एसओ इफ्तिकार अली ने मामले में अनभिज्ञाता जाहिर की है।

## महिला सभासद और उनके बेटे के साथ धक्का मुक्की कर दी जमकर गालियां

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद - नगर पालिका की लापरवाही आ रही है सामने सभासद को धमकाया जब सब सब ने अपना इंस्ट्रूमेंट मांगा तो धमकाने लगे नगर पालिका के अधिकारी वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है मामला निर्माणाधीन अमानक सड़क निर्माण के विरोध एवं एस्टीमेट मांगने से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है कायमगंज /फर्रुखाबाद नगर कायमगंज के वार्ड नंबर 05 रविदास पुरम ( पटवन गली )में राज प्रिंटर्स वाली गली में नगर पालिका द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है । अमानक निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप लगाते हुए सभासद द्वारा विरोध किया गया और ठेकेदार से एस्टीमेट की कॉपी मांगी गई। जिसको लेकर ठेकेदार एवं मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने सभासद के साथ गाली गलौज कर दी तथा उसके बेटे राजन के साथ धक्का मुक्की की गई। जिससे विवाद की स्थिति पैदा हो गई । मौके पर ही लोगों की भीड़ जमा हो गई । सभासद द्वारा फोन कर पुलिस बुला ली गई । पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया बुझाया । किन्तु वही मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज ने उल्टा सभासद को ही पाठ पढ़ा दिया । पीड़ित सभासद का कहना था की मानक विहीन सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है । जिसका हमने विरोध किया । इस पर इन लोगों ने हमारे साथ गाली-गलौज की मौके पर पहुंची भीड़ ने समझा बुझाकर मामले को शांत किया । तब कहीं जाकर निर्माण कार्य शुरू हो सका । इधर सभासद के बेटे राजन का कहना था की 2 दिन पूर्व नगर पालिका में एस्टीमेट की कॉपी के लिए एप्लीकेशन दी थी । लेकिन आज तक एस्टीमेट की कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है । हमें नहीं पता की कब यह सड़क पास हो गई और कब इसका निर्माण शुरू हो गया । सभासद ने लगाया कमीशन खोरी तथा गोलमाल का आरोप कायमगंज 19 दिसंबर वार्ड नंबर 5 की महिला सभासद शशि देवी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि लगभग हर काम में कमीशन खोरी तथा घपलेबाजी हो रही है । इसीलिए मांगे गए टेंडर तथा एस्टीमेट की कॉपी सभासद को लिखित मांग के बाद भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है । उनका कहना था कि ठीक इसी तरह की घपलेबाजी राज प्रिंटर्स वाली गली में निर्माणाधीन सड़क मार्ग में भी हो रही है । इसीलिए नगर पालिका का कोई भी सक्षम अधिकारी मांगे गए प्रपत्र आम आदमी की बात अलग है , सभासदों तक को उपलब्ध नहीं कराई जा रहे हैं।

## मुस्लिम बहुल इलाके के मंदिर में मूर्तियां खंडित, हिन्दू समुदाय में भड़का आक्रोश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -हरदुआगंज- देश में एक बार फिर धार्मिक महौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है. ताजा मामला अलीगढ़ जनपद का है जहां पर सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर में मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ की गई है. इससे पहले भी दो बार अज्ञात लोग ऐसी घटना को अंजाम दे चुके हैं. बताया जा रहा है कि जिस मंदिर में तोड़फोड़ की गई है वो मंदिर विशेष समुदाय के इलाके में है.

इस पूरे घटनाक्रम से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटे गए है. पुलिस द्वारा इलाके में लगे सीसीटीवी तलाश रही है. दरअसल मामला हरदुआगंज



थाना इलाके के गांव बुडासी का है. शिकायतकर्ता सनी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज सुबह मैं आकर देखा तो मंदिर की सभी मूर्तियां खंडित थी. सरकार राम मंदिर बनवा रही है और ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरीके की घटनाएं सामने आ रही हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, आज मंदिर की मूर्तियां खंडित कर दी गई है. पुलिस घटना के कारण की जांच कर रही है. वहीं मामले पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, साथ ही साथ मौके पर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, फिलहाल शांति व्यवस्था कायम है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया है कि अलीगढ़ में लगातार हिंदू धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है.

पुलिस किसी दारु बाज का नाम लेकर खाना पुरती कर देती है. इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए. अलीगढ़ में 10 से ज्यादा मंदिरों में इस तरीके की घटनाएं सामने आई हैं. आज भी हरदुआगंज थाना इलाके में एक मंदिर की मूर्तियां तोड़ी गई है, मैं चाहता हूं इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो. मैं पुलिस प्रशासन से अपील करता हूं आरोपियों को किसी भी सूरत में पुलिस गिरफ्तार करें और उनको जेल भेजें।

## विरोधी दलों के नेताओं द्वा पीएम का अपमान करना, स्पीकर का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच - लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि विरोधी दलों के नेताओं को अभी संसद से निलंबित किया गया है सन 2024 के लोकसभा के चुनाव में देश की जनता इनको हमेशा के लिए लोकसभा से निलंबित कर देगी भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहां है कि सन 2024 के लोकसभा के चुनाव में विपक्षी दलों के नेताओं को देश की जनता विपक्ष से भी आउट कर देगी यह देश की जनता ने मन बना लिया तुम नेताओं को देश की चिंता नहीं केवल चिंता है तो इसकी है किसी भी तरह से देश को बर्बाद किया जाए पूरे देश की जनता टीवी समाचारों पर सब देख रही है विरोधी दलों के नेता किस तरह का नाटक कर रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह चेतावनी देते हुए कहा है मोदी जी को गाली देना भाजपा के नेताओं को गाली देना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सन 2024 के लोकसभा के चुनाव में विरोधी दलों के नेताओं को अपने मुंह की खानी पड़ेगी

# Pneumonia can easily make children its victim in winters, these methods can help in prevention.

The winter season brings with it many diseases. Among these diseases, respiratory diseases are most likely to occur, which also includes pneumonia. The risk of pneumonia is very high



in children. Therefore it is very important to protect them from this. Know what things can be kept in mind to protect children from the risk of pneumonia in winter. Children can easily get pneumonia in winter. Fever, difficulty in breathing, chest pain, these are some of its common symptoms. Children can be protected from this with the help of hygiene and vaccine. The winter season brings with it many diseases. In this season, the risk of many diseases related to the respiratory system increases. Children are the easiest victims of these diseases because their immunity is weak. For this reason, they easily become vulnerable to many diseases. Therefore, children need to be protected more in this season, especially from pneumonia. Pneumonia can easily affect children in winter. On the other hand, due to many new cases of pneumonia in China and its cases being reported in other countries too, it has become a new topic of concern, due to which there is a special need to protect children. To prevent pneumonia, you can follow some easy tips, which can become a shield against pneumonia for your child. Let us know how you can protect your children from pneumonia in winter. These are the symptoms of pneumonia… Pneumonia is a disease occurring in the respiratory system, in which the air sacs present in the lungs get filled with mucus or fluid. Because of this, there may be swelling in the lungs and difficulty in breathing. Apart from this, due to pneumonia, many symptoms like chest pain, fever, tiredness, chills, vomiting, irritability, loss of appetite can be seen in children. This disease can be caused by infection with bacteria, fungus or virus. Therefore, its treatment is also done on the basis of what caused the infection. This is how to protect yourself… Get vaccinated – To protect your child from pneumonia, it is important that you get them vaccinated to prevent pneumonia. By giving pneumonia vaccine, anti-bodies are formed in children against this disease, which are helpful in protecting against it. Keep away from crowds – Pneumonia pathogens can enter your child's body through the air and infect your child. Therefore, do not take children to places where there is a lot of crowd. The risk of disease spreading is higher in crowded areas. Distance from sick people: Keep your children away from sick people. If any of your child's friends is sick or someone at home is also sick, then keep distance from them too. Pneumonia and common cold etc. can spread quite easily from one person to another. Therefore the risk of getting sick increases. Therefore, keep children away from sick people. Take care of hygiene- Respiratory diseases like pneumonia can make children their victims due to poor hygiene. Therefore, teach your children to wash hands and feet thoroughly with soap after coming from outside. Apart from this, use sanitizer outside. Also, do not touch mouth, nose, eyes etc. with dirty hands. Cover mouth while sneezing- Advise your children to cover mouth and nose while sneezing. Ask them to always carry a handkerchief or tissue with them, so that droplets do not spread in the air while sneezing and coughing.

# Do you also drink more water after eating these foods? If you know the harm then you will give up this habit today itself.

Health Tips: Often people start drinking too much water immediately after eating oily and spicy food, but drinking water in this way can be harmful for health. This affects the digestive system. If you also do this, then change this habit from today itself. Let us know which things should not be drunk immediately after eating. Drinking water immediately after eating food



is harmful for health. Drinking too much water after eating spicy food can cause digestive problems. Some people are such that their meal cannot be completed without drinking water. However, whenever you eat food, sit with a glass of water, so that if something gets stuck in your throat, you can get relief from it by drinking water immediately. Many people drink too much water immediately after eating, which is bad for health. It is not good for. According to health experts, water should be drunk one hour before eating, drinking too much water during or immediately after eating can cause many health problems. Let us know without any delay, which foods should not be drunk in large quantities after eating. Spicy food- People often drink too much water right after eating very spicy food, this can cause a lot of harm to you. Drinking water after eating spicy foods can cause burning sensation in the mouth. Apart from this, you may also be troubled by swelling. Oily Foods- Do not drink water immediately after eating oily foods. This may cause problem of heaviness and swelling in the stomach. Drink water only 30 minutes after eating, it will be better for your health. Carbonated Drinks- Some people like to drink carbonated water or soda right after eating, but this can cause bloating and gas problems for some people. It may also cause indigestion. Heavy food- Whenever you eat food, drink a lot of water immediately after it, this can further increase the heaviness of your stomach. One should avoid drinking large amounts of water immediately after eating food. Citrus fruits- Citrus fruits i.e. oranges, grapes and lemons etc. are rich in Vitamin C, they are juicy and contain a lot of water. If you drink excessive amounts of water immediately after eating these fruits, it may cause digestive problems. Curd- Curd is considered very beneficial for digestion. It is rich in probiotics. Drinking water immediately after eating it can destroy the probiotics. Rice- Drinking large amounts of water right after eating rice can be harmful for digestion. Although it is okay to drink a glass of water before eating rice, avoid drinking excess water right after eating rice. Drink water only after half or an hour of eating rice, it will get some time to digest and you will not feel heaviness in the stomach.

# If you adopt these habits before your beauty sleep, your skin will thank you!

We do so much to make our skin healthy and beautiful. You try everything from expensive skin care products to face treatments but all your hard work may go in vain. If you do not include some habits in your routine before sleeping. Know which habits you can include in your night routine to make your skin beautiful. Night sleep is very important for skin care. Removing makeup before sleeping can reduce the problem of acne. Use moisturizer and drink water to hydrate the skin. Night sleep is as important for our health as it is for our skin. At this time our skin is recovering from the fatigue of the day. The hustle and bustle of the day also affects your skin, due to which the skin rejuvenates itself at night. Actually, the healing and recovery of your skin mostly happens at night only. But due to some mistakes you can hinder this process. Your 10-step skin care routine will be of no use if you don't allow your skin to recover at night. Therefore, you can include some habits in your bed time routine, which can be beneficial for your skin. Let us know by changing which habits at night, you can make your skin even more beautiful. Clean the makeup - Often we use makeup during the day while going to office or while going somewhere. Makeup not only improves our looks, but it also helps in boosting our confidence. But if you forget to remove this makeup from your face at night, it can wreak havoc on your skin. In fact, by not removing makeup at night, it clogs the pores of your skin. Due to this, acne problem may occur. Therefore, every night before sleeping, clean the makeup thoroughly with some cleansing oil or micellar water. Cleanse - Due to the hustle and bustle of the day, a lot of dust keeps accumulating on your skin, which makes the skin very dry. Can cause harm. Because of this, skin pores may become clogged. Therefore, every day before sleeping, clean your skin thoroughly using a good cleanser, so that the pores of your skin remain clean while sleeping and the skin can heal better. However, be careful that the cleanser is not too harsh on your skin. Otherwise, skin damage may occur. Moisturize- After cleaning your face properly, moisturize your skin using a good moisturizer. Due to dry skin, the skin barrier can get damaged, which can be very harmful for your skin. Along with acne, this can also cause problems like wrinkles, fine lines etc. Therefore, according to your skin type, use a good moisturizer. Drink water- Skin hydration does not just come from outside but mostly comes from inside the skin. Symptoms of lack of water in the body may also start appearing on your skin. If you want to prevent this, then hydrate your body before sleeping i.e. drink water. Apart from this, do not let the amount of water decrease even during the day.



Water removes the toxins present in your body, keeping both your skin and body healthy. Get enough sleep - You must be aware of the consequences you may have to face due to lack of sleep. You should also add your damaged skin to this list of disadvantages. Yes! Due to lack of sleep, skin can appear withered and dull. Therefore, try to get 7-8 hours of sleep every day. For better sleep, do not use phone, laptop etc. one or two hours before sleeping, do not drink coffee 8 hours before sleeping, try to make your room dark. With the help of these tips you will be able to sleep better.

